## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उनकी सुरक्षा में 10 आईपीएस, 20 डीएसपी स्तर के अधिकारी और एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआईटी मेसरा तक जाने वाली सड़क के दोनों तरफ जगह–जगह पर बैरिकेडिंग की गयी है। साथ ही कई जगह ड्रॉप गेट भी बनाये गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि शहर के ट्रैफिक रुट में भी बदलाव किया गया है।

*******************

भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 का समापन आज नई दिल्ली के यशोभूमि में होगा। इस चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से किया था। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक प्रदर्शकों सहित 120 देशों के लगभग सत्तर हज़ार प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें अमरीका, संयुक्त अरब अमीरात, नॉर्वे, फ्रांस, रूस और जापान सहित दस देशों के मंडप स्थापित किए गए थे।

*******************

संसद के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त होने के साथ ही दोनों सदनों की बैठक 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के पहले चरण में एक सौ बारह प्रतिशत कामकाज हुआ। बजट सत्र के दूसरे चरण की बैठक 10 मार्च से शुरू होगी।

*******************

राष्ट्र आज 2019 में हुए पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद 40 जवानों को याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी बलिदान देने वाले सैनिकों को नमन करते हुए आंतकवादियों को चेतावनी दी है कि भारत आतंकवाद पर नरमी नहीं बरतेगा।

*******************

इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राष्ट्र वीर सपूतों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत–शत नमन।

*******************

स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है।

*******************

पूर्वी सिंहभूम के बुजुर्ग मरीजों के लिए खासमहल स्थित सदर अस्पताल और एमजीएम कॉलेज मेडिकल अस्पताल में जीरीएट्रिक वार्ड का निर्माण होगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

झारखंड समेत देशभर में शब–ए–बरात का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। इधर, जामताड़ा की विभिन्न मस्जिदों में शब–ए–बरात की नमाज अदा कर पूर्वजों की मगफिरत के लिए दुआ मांगी गई। इमाम मौलाना अख्तर ने समाज के लोगों से गुनाहों से तौबा कर अमन–चैन और खुशहाली की दुआ करने की अपील की।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने कल रात आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*********समाप्त*********